हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

04 आत्मकल्याण के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाना होगा : मुनिश्री



07 नवरात्रि पर्व पर लगी झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र, सड़कों पर जन सैलाब उतरा



समाचार संक्षेप



मोनू सिंह परिहार बने क्षत्रिय खंगार समाज के अध्यक्ष

गुना। अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार महासभा ने सामाजिक उत्थान मंच के अध्यक्ष मोनू सिंह परिहार को गुना जिला अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। इसके साथ ही गुना जिले से चार समाजजनों को प्रदेश समिति में शामिल किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने के उपलक्ष्य में समाजजनों द्वारा मोनू सिंह परिहार को उनके निवास पर पहुँचकर बधाई दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व बागी सम्राट दादा मलखान सिंह तथा कार्यकारी अध्यक्ष रामरूप सिंह परिहार कीअनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष राजू ठाकुर द्वारा मोनू सिंह परिहार की जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई है। वहीं, प्रदेश समिति में गुना से जितेन्द्र पुगाल, मुकेश परिहार, अमर सिंह परिहार और जितेन्द्र परिहार को शामिल किया गया है। इस मौके आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश परिहार ने की। मोनू परिहार पूर्व में युवा अध्यक्ष, महाराजा खेत सिंह जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सहित विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वे वर्तमान में सामाजिक उत्थान मंच के अध्यक्ष के रूप में निःशुल्क कोचिंग सेंटर सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं।

गौसेवक का गुना में जाट महासभा युवा टीम ने किया स्वागत



गुना। राजस्थान के युवा गौसेवक एवं सोशल मीडिया क्रिएटर रौनक चौधरी के गुना आगमन पर अखिल भारतीय जाट महासभा की युवा टीम ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया। युवा जिलाध्यक्ष अमन जाट ने उन्हें सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज की तस्वीर भेंट की, जिसे रौनक चौधरी ने श्रद्धापूर्वक माथे से लगाकर नमन किया। रौनक चौधरी राजस्थान में जीवदया फाउंडेशन के माध्यम से घायल एवं बेसहारा गोवंश की सेवा और पशु संरक्षण के कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने युवाओं से गौसेवा, जनकल्याण और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा वीर तेजाजी महाराज की जन्मस्थली खरनाल, नागौर पहुंचकर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर जाट सोशल ग्रुप के संस्थापक देवेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ. राणा सहित उपस्थित लोगों ने उनके सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में राहुल जाट, युवराज सिंह जाट, अर्जुन जाट, शक्ति सिंह जाट, सौरभ जाट, यश जाट, कार्तिक, दीपक, अतुल, छोटू और विवेक सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

खेत की मेड़ पर पत्थर फेंकने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष

गुना। आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरिया बरखेड़ा में खेत की मेड़ पर पड़े पत्थरों को हटाने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की मौखिक रिपोर्ट पर आरोपी भाई के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी बलराम पुत्र हीरालाल बंजारा निवासी उमरिया बरखेड़ा ने अपने पुत्र सोनू बंजारा के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। गत दिवस भाई ऊदा बंजारा ने उसे लाठी मारकर घायल कर दिया।

'दूध, मावा हो या तेल, मिलावट करने वालों को भेजो जेल'

शुद्ध का युद्धः 'कढ़ाई, कारखाने और तेल की धार को परखा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में राजस्व अधिकारियों और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार और बुधवार को शहर के दो खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान महाकाल हॉट चिप्स दुकान में आलू के चिप्स तलने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे तेल का नमूना लिया गया, जबकि बीकानेर मिष्ठान भंडार के कारखाने से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए लिए गए।



महाकाल हॉट चिप्स दुकान पर औचक निरीक्षण

प्रशासनिक टीम ने मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे एवं तहसीलदार मयंक तिवारी के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी की मौजूदगी में शास्त्री पार्क मंडी के पीछे, नयापुरा गुना स्थित महाकाल हॉट चिप्स दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि दुकान संचालक खुले में डीजल भट्टी लगाकर कढ़ाही में आलू के चिप्स तल रहा था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एक ही तेल में बार-बार आलू के चिप्स तले जा रहे थे। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और इस्तेमाल किए जा रहे तेल की स्थिति की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कढ़ाही में मौजूद तेल का नमूना लिया।

बीकानेर मिष्ठान भंडार के कारखाने में भी पहुंची टीम

इसी क्रम में बुधवार को डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे एवं गुना एसडीएम शिवानी पांडे की संयुक्त टीम ने जयस्तंभ चौराहा स्थित विजयवर्गीय का बाड़ा, गुना में संचालित बीकानेर मिष्ठान भंडार के कारखाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारखाने में मिठाई, मावा और नमकीन का निर्माण एवं भंडारण किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कारखाना परिसर में रखे मावा, काजू, बादाम और पिस्ता सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए लिए। इन नमूनों की जांच के आधार पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। निरीक्षण के दौरान श्रम विभाग के अधिकारियों ने भी कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रकरण तैयार किया।

हादसाः ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बूढ़ाडोगर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। तेज गति और लापरवाही से चलाए जा रहे एक ट्रैक्टर के रोटवेटर की चपेट में आने से खेत पर काम कर रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी वीरमाल पुत्र टीकाराम यादव निवासी बूढ़ाडोगर ने थाने में दी गई सूचना में बताया कि उनका खेत ग्राम बूढ़ाडोगर में स्थित है। घटना के समय शिशुपाल पुत्र वीरमाल यादव खेत पर मौजूद थे। आरोप है कि आरोपी चालक द्वारा ट्रैक्टर को बेहद तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाया जा रहा था। इसी दौरान नियंत्रण बिगडऩे या लापरवाही के चलते फरियादी का बेटा शिशुपाल ट्रैक्टर के पीछे चल रहे रोटवेटर की चपेट में आ गया और उसमें फंस गया। रोटवेटर की चपेट में आने से युवक को गंभीर व घातक चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की।

ऑटो चालक से मारपीट और तोडफ़ोड़

राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत साडा कॉलोनी निवासी एक ऑटो चालक के साथ स्कोर्पियो सवार युवकों द्वारा निर्ममता से मारपीट करने और वाहन में तोडफ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी महेश सिंह राजपूत पुत्र सुंदर सिंह राजपूत निवासी साडा कॉलोनी, राघौगढ़ ने अपने दोस्त देवेंद्र सिंह राजपूत के साथ थाने पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि गत दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपनी ऑटो क्रमांक एमपी 08-1426 में सवारियां बैठाने के लिए साडा ब्रिज के पास साइड में खड़े थे। तभी खड़ी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, सो रहे युवक पर 20 से 25 लोगों का हमला

घायल युवक अस्पताल में भर्ती, पीड़ित ने भाई-भाभी पर साजिश रचने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बमुरी बुजुर्ग में जमीन से जुड़े विवाद को लेकर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घर पर सो रहे एक युवक पर दो दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डंडों से अचानक धावा बोल दिया। बीच-बचाव करने आई पीड़ित की पत्नी और मां के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल में भर्ती पीड़ित रामदेव लोधा निवासी बमुरी बुजुर्ग ने घटना का ब्योरा देते हुए बताया कि मंगलवार को वह अपने घर के अंदर सो रहा था। इसी दौरान बाहर से कुछ अज्ञात लोगों ने उसे आवाज देकर बुलाया। जैसे ही वह दरवाजा खोलकर बाहर निकला, वहां पहले से मौजूद 20 से 25 असामाजिक तत्वों ने लाठी-डंडों से उस पर अंधाधुंध हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि



उसके सगे भाई और भाभी ने पुरानी रंजिश और खेत से जुड़े संपत्ति विवाद के चलते गुना शहर से गुंडों को बुलवाकर यह हमला प्रायोजित कराया था। चीख-पुकार सुनकर जब रामदेव की पत्नी मनीषा और मां बसंती लोधा उसे बचाने दौड़ीं, तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने कैंट थाना पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थ्रेशर से उड़ रहे भूसे को रोकने को लेकर विवाद

इधर आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिरोला में खेत में थ्रेशर मशीन चलने से उड़ रहे भूसे को लेकर उपजे विवाद में खूनी संघर्ष हो गया। आरोपियों ने घर में घुसकर पति-पत्नी पर कुल्हाड़ी और लोहे के सब्बल से गंभीर हमला कर दिया, जिससे दोनों लहूलुहान हो गए। पुलिस ने देहाती नालिसी के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया ममता पत्नी लालाराम मीना निवासी ग्राम चिरोला ने अस्पताल में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गत शाम करीब 4:30 बजे वह और उनके पति लालाराम घर पर थे। उनके खेत के पास ही जेठ मीना का खेत है, जहां थ्रेशर से मक्का की फसल निकाली जा रही थी। थ्रेशर से उडऩे वाला भूसा सीधे उनके घर के अंदर आ रहा था। जब लालाराम मीना इस बात की आपत्ति जताने और अनुरोध करने जेठ, उनके बेटे और पत्नी के पास गए, तो वे विवाद करने लगे। आरोप है कि महाराज सिंह ने कुल्हाड़ी से लालाराम के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे खून बहने लगा। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

माटी शिल्पियों को मिलेगा उचित स्थान नहीं वसूला जाएगा कोई करः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पारंपरिक माटीकला को प्रोत्साहन देने और कुम्हार समुदाय के माटी शिल्पियों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत पारंपरिक माटी शिल्पियों को उनके द्वारा निर्मित मिट्टी की मूर्तियों, दीपकों, खिलौनों एवं सजावटी सामान के विक्रय के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, इन शिल्पियों से किसी भी प्रकार का कर नहीं वसूलने के लिए कहा है।

त्योहारों पर मिट्टी के उत्पादों की बिक्री के लिए मिलेगी सुविधा

नवरात्रि, दीपावली सहित अन्य पारंपरिक त्योहारों के अवसर पर कुम्हार समुदाय के शिल्पी मिट्टी से निर्मित माता रानी की मूर्तियां, दीपक, खिलौने और सजावटी सामान तैयार कर बाजारों में बिक्री के लिए लाते हैं। इन उत्पादों का निर्माण और विक्रय ही अनेक शिल्पियों के परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार है। हालांकि, त्योहारों के दौरान नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में माटी शिल्पियों को अपने उत्पाद बेचने के लिए उचित स्थान नहीं मिल पाता है। इसके कारण उन्हें अपने उत्पादों की बिक्री में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सीमित आय और मिट्टी से बने उत्पादों की नाजुक प्रकृति के चलते उनकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं।

शिल्पियों से नहीं होगी किसी प्रकार की कर वसूली

कलेक्टर कन्याल ने निर्देश दिए हैं कि पारंपरिक माटी शिल्पियों को स्थानीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने उत्पादों का आसानी से विक्रय कर सकें। इसके साथ ही, उनसे किसी भी प्रकार का कर नहीं वसूला जाए। इस पहल का उद्देश्य माटी शिल्पियों को आर्थिक राहत प्रदान करना, उनके पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा देना और स्थानीय स्तर पर मिट्टी से निर्मित उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करना है।

पूर्व सरपंच को मोबाइल पर मिली जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज, पीछा करने का भी आरोप

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व सरपंच राजीव सिंह रघुवंशी को मोबाइल फोन पर गालियां देने, जान से मारने की धमकी देने और हथियारों के साथ पीछा करने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शेर सिंह धाकड़ निवासी रायपुर कला के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296(बी) एवं 351(3) के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। फरियादी राजीव सिंह रघुवंशी पुत्र रणधीर सिंह रघुवंशी, निवासी ग्राम सालय, हाल निवास किला मोहल्ला आरोन ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि गत रात उनके मोबाइल पर आरोपी का फोन आया। आरोपी ने वीडियो वायरल करने का झूठा आरोप लगाते हुए अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की सीधी धमकी दी। आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि उसने करिया सांप जैसी धर ली है और भोपाल से आरोन आते ही जान से खत्म कर देगा। पीड़ित पूर्व सरपंच ने बताया कि डर के कारण उन्होंने उस वक्त खुद को भोपाल में होना बताया। फरियादी के अनुसार, 6 अक्टूबर को भी आरोपी ने लक्ष्मी टॉकीज के सामने उन्हें घेरकर गालियां दीं और धमकी दोहराई।

रूसल्लीखुर्द में पुरानी रंजिश पर झांकी के पास बैठे युवक पर लाठी से हमला, गंभीर घायल

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूसल्लीखुर्द में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर लाठी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की मौखिक रिपोर्ट पर दो आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, फरियादी वीरेन्द्र राजपूत पुत्र मोहन सिंह राजपूत निवासी रूसल्लीखुर्द ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गत रात करीब 11 बजे वह गांव में राजपूत समाज की नवदुर्गा झांकी के पास स्थित लालजीराम राजपूत की दैलान में अनिल, कल्याण और प्रदीप बैठे थे। इसी दौरान गांव के नीलेशऔर रामबाबू वहां आए और पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देने लगे। जब फरियादी ने दैलान से बाहर आकर उन्हें गालियां देने से मना किया, तो आरोपी ने पीछे जोरदार वार कर दिया।

डाक संभाग ने किया पोस्टल बिजनेश मीट 2026 का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2026 के अवसर पर मंगलवार को अधीक्षक डाकघर ओपी चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गुना डाक संभाग द्वारा पोस्टल बिजनेश मीट का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि प्रवीण बेसला सहायक निदेशक व्यापार एवं उद्योग केंद्र गुना, एवं विशिष्टि अतिथि राजेश अग्रवाल अध्यक्ष व्यापार एवं उद्योग महासंघ गुना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण राहुल जैन उप संभागीय प्रमुख गुना द्वारा दिया गया कार्यक्रम की रूपरेखा पीपीटी के माध्यम से शिकायत निरीक्षक प्राची त्रिवेदी ने डाक विभाग की विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं अपनाए जाने वाली नवीन तकनीक के बारे मे विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजकुमार मोहनानी सहायक निदेशक एमएसएमई इंदौर ने मध्यम उद्यम लगाने के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी ।

कार्यक्रम को डाक निर्यात केंद्र गुना की महत्वपूर्ण ग्राहक श्रीमती पूजा खनूजा ने डाकघर की नवीन तकनीक को महत्वपूर्ण माना ओर सभी से डाक निर्यात केंद्र की सौगात के लिए डाक विभाग का आभार मानने के साथ ही डाक निर्यात केंद्र की सेवाएं लेने के लिए गुना की जनता का आह्वान किया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि राजेश अग्रवाल ने डाक विभाग को नित नई सौगात देने के लिए गुना के सांसद एवं केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार माना एवं गुना शहर के सभी व्यापारियों से डाकघर की सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक ओपी चतुर्वेदी अधीक्षक डाकघर गुना ने कार्यक्रम में पधारे शहर के सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

रामलीला मंचनः भरत जी ने प्रभु श्रीराम से अयोध्या लौटने का किया आग्रह

चरण पादुकाएं सिर पर रखकर अयोध्या लौटे भरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में आठवें दिवस भगवान श्रीराम और भरत जी के मिलाप का अत्यंत भावपूर्ण मंचन किया गया। भाई के प्रति प्रेम, त्याग, समर्पण और मर्यादा का संदेश देने वाली इस लीला ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से रामायण के इस मार्मिक प्रसंग को जीवंत कर दिया।

रामलीला के प्रसंग के अनुसार, जब भरत और शत्रुघ्न अपने ननिहाल से अयोध्या लौटते हैं, तब उन्हें माता कैकेयी द्वारा मांगे गए वरदानों और महाराज दशरथ



के स्वर्गवास का समाचार मिलता है। यह सुनकर भरत जी व्याकुल हो जाते हैं और शोक में धरती पर गिर पड़ते हैं। अपने पिता के निधन और प्रभु श्रीराम के वनवास के समाचार से वे अत्यंत दुखी होते हैं। इसके बाद माता कैकेयी और भरत के बीच संवाद, माता कौशल्या एवं भरत संवाद तथा गुरु वशिष्ठ के साथ वार्तालाप का मार्मिक मंचन किया गया। माता-पिता, गुरुजनों, भाई शत्रुघ्न और अयोध्यावासियों के साथ भरत जी प्रभु श्रीराम को वापस अयोध्या लाने के उद्देश्य से चित्रकूट पहुंचते हैं। मार्ग में उनकी भेंट निषादराज से होती है। चित्रकूट पहुंचकर भरत जी प्रभु श्रीराम के चरणों में गिर पड़ते हैं और पिता महाराज दशरथ के निधन की सूचना देते हुए माता कैकेयी के कारण अपने ऊपर लगे कलंक का दुख व्यक्त करते हैं। वे प्रभु श्रीराम से अयोध्या लौटकर राजपाट संभालने का आग्रह करते हैं। इस दौरान भरत जी का भाई के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण देखने योग्य रहा। भरत जी के बार-बार आग्रह करने पर भी प्रभु श्रीराम अपने पिता को दिए गए वचन का स्मरण कराते हुए कहते हैं कि वे चौदह वर्ष का वनवास पूर्ण करने के बाद ही अयोध्या लौटेंगे। पिता की आज्ञा और रघुकुल की मर्यादा का पालन करते हुए श्रीराम अपने निर्णय पर अडिग रहते हैं। जब प्रभु श्रीराम वनवास समाप्त होने से पहले अयोध्या लौटने के लिए तैयार नहीं होते, तब भरत जी उनकी चरण पादुकाएं अपने सिर पर धारण कर अयोध्या लौट आते हैं। वे प्रभु श्रीराम की चरण पादुकाओं को अयोध्या के सिंहासन पर विराजमान कर स्वयं सेवक के रूप में राजकाज संभालने का संकल्प लेते हैं। यह प्रसंग भाई के प्रति निष्ठा, त्याग, विनम्रता और आदर्श शासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है। रामलीला के मंचन में भरत जी की भूमिका निभा रहे हरवीर धाकड़ ने अपने सुंदर अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं प्रभु श्रीराम की भूमिका पुरुषोत्तम धाकड़, लक्ष्मण की भूमिका वैभव भार्गव और माता सीता की भूमिका ओम यादव ने निभाई।

समाचार संक्षेप

माँ जगदंबा की आरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सेवाभावी अतिथियों का किया सम्मान



चाचौड़ा। श्री रामानंद झांकी समिति, बीनागंज द्वारा आयोजित माँ जगदंबा महारानी की भव्य झांकी में भक्तिभाव और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। माँ की पावन आरती में शहर के गणमान्य नागरिकों, सेवाभावी अतिथियों, माता-बहनों एवं मोहल्लेवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने माँ जगदंबा के दर्शन कर आरती का पुण्य लाभ लिया और सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर समिति की ओर से दंत चिकित्सक डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. अमित जायसवाल, शासकीय अस्पताल के डॉ. नीरज शर्मा एवं गौसेवक स्वप्निल श्रीमाल का पट्टिका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।कार्यक्रम में श्री रामानंद झांकी समिति के अध्यक्ष महंत श्री द्वारका दास (महाप्रभु दास) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में समिति के सदस्यों, माता-बहनों एवं मोहल्लेवासियों की सहभागिता से धार्मिक बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हे।समिति ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्तकिया ।

उज्जैन से अयोध्या तक निकलेगी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा'

चाचौड़ा। भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन (शिवधाम) से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या (रामधाम) तक 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के प्रथम चरण का शुभारंभ 20 अक्टूबर 2026, विजयदशमी के पावन अवसर पर उज्जैन से होगा। यात्रा विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से होते हुए मध्यप्रदेश के कई क्षेत्रों से गुजरेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा 20 अक्टूबर को उज्जैन से प्रारंभ होकर तराना रोड पर रात्रि विश्राम करेगी। 21 अक्टूबर को ताजपुर जोड़ होते हुए सिंदुरिया, 22 अक्टूबर को तराना, 23 अक्टूबर को सिद्धिपुर होते हुए देवाखेड़ा-जूनापानी जोड़ तथा 24 अक्टूबर को करेड़ी माताजी मंदिर होते हुए शाजापुर पहुंचेगी। इसके बाद 25 अक्टूबर को पनवाड़ी, 26 अक्टूबर को सारंगपुर, 27 अक्टूबर को तुकोगंज होते हुए गुलावता, 28 अक्टूबर को खजनेर, 29 अक्टूबर को करेड़ी, 30 अक्टूबर को राजगढ़ और 31 अक्टूबर को कालीपीठ में यात्रा का पड़ाव रहेगा। नवंबर माह में यात्रा 1 नवंबर को कालीपीठ से नयापुरा जोड़ पहुंचेगी। इसके बाद 2 नवंबर को नयापुरा जोड़ से चाचौड़ा होते हुए बीनागंज में प्रवेश करेगी। इस दौरान चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के सनातन धर्मावलंबियों एवं रामभक्तों द्वारा यात्रा के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा 3 नवंबर को बीनागंज से घाटाखेड़ी, 4 नवंबर को सागर ग्राम और 5 नवंबर को राघौगढ़ के पाटई आश्रम पहुंचेगी। यात्रा के प्रथम चरण का कार्यक्रम 5 नवंबर तक निर्धारित है। इसके पश्चात दीपावली पर्व के अवसर पर पांच दिवसीय अवकाश रहेगा। सनातन संस्कृति और स्वाभिमान का संदेश 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' का उद्देश्य सत्य, धर्म, न्याय और स्वाभिमान के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजकों की ओर से सभी सनातन धर्मावलंबियों, रामभक्तों एवं क्षेत्रवासियों से यात्रा में सहभागी बनने और श्रद्धा के साथ स्वागत करने की अपील की गई है।

राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला: परिवार में रहकर भी जिया जा सकता है वैराग्य का जीवन

आत्मकल्याण के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाना होगा : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महातपस्वी, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज ने बुधवार को राघौगढ़ स्थित विद्यासागर सभागार में आयोजित 'श्रमण धारा प्रवचन माला' में 'श्रमण का वास्तविक अर्थ क्या है' विषय पर मंगल प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि आत्मकल्याण के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाना आवश्यक है। वैराग्य केवल घर-परिवार छोड़ने का नाम नहीं, बल्कि मोह-ममता और कर्तापन के भाव से मुक्त होकर जीवन जीने का नाम है। व्यक्ति परिवार में रहते हुए भी वैरागी जीवन अपना सकता है।

मोक्ष मार्ग में श्रम करने वाला ही सच्चा श्रमण

मुनि श्री ने श्रमण शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि श्रमण संस्कृत भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ साधु, मुनि और वैरागी आदि होता है। मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए जो व्यक्ति आत्मसाधना, त्याग और तपस्या का श्रम करता है, वही वास्तविक अर्थों में सच्चा श्रमण है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भरत



चक्रवर्ती और पंडित बनारसीदास जी ऐसे महापुरुष थे, जिन्होंने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी वैराग्य की भावना को अपनाया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर व्यक्ति संसार में रहते हुए भी मोह-माया से दूर रहने का अभ्यास कर सकता है।

चार प्रकार के होते हैं लोग

प्रवचन के दौरान मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज ने जीवन की दृष्टि से लोगों की चार श्रेणियों का उल्लेख करते हुए उनके स्वभाव और जीवनशैली को समझाया। उन्होंने बताया कि पहली श्रेणी में वे लोग आते हैं, जो अकेले हैं और अकेले ही रहते हैं। इस संदर्भ में उन्होंने जैन आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का उल्लेख किया, जिन्होंने लंबे समय तक एकांत में रहकर धर्मसाधना की। इसी श्रेणी में प्राचीन काल में जंगलों में रहकर तपस्या करने वाले मुनिराज भी आते हैं। दूसरी श्रेणी में ऐसे लोग हैं, जो अकेले रहते हैं, लेकिन भीड़ में जीते हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जिनके बेटे-बहू विदेश में रहते हैं, वे घर में अकेले होने के बावजूद मोबाइल के माध्यम से पूरी दुनिया से जुड़े रहते हैं। उनके हाथ में मोबाइल के रूप में दुनिया सिमट जाती है। तीसरी श्रेणी में वे लोग आते हैं, जो भीड़ में रहते हैं और भीड़ में ही जीते हैं। मुनि श्री ने कहा कि संसार के अधिकांश जीव इसी श्रेणी में आते हैं। ऐसे लोग अपने परिवार को ही सब कुछ मान लेते हैं और यह भ्रम पालते हैं कि परिवार उन्हीं के सहारे चल रहा है। वे सोचते हैं कि यदि वे नहीं रहेंगे, तो परिवार का क्या होगा। जबकि संसार की व्यवस्था निरंतर चलती रहती है और किसी भी व्यक्ति को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए मोह तथा अहंकार से बचना चाहिए।

चौथी श्रेणी की व्याख्या करते हुए मुनि श्री ने कहा कि इसमें वे लोग आते हैं, जो भीड़ में रहते हुए भी भीतर से अकेले होते हैं। सच्चे साधु और मुनिराज त्याग एवं तपस्या के माध्यम से इसी भाव को आत्मसात करते हुए मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होते हैं।

कर्तव्य निभाएं, लेकिन कर्तापन का भाव न रखें

मुनि श्री ने अपने प्रवचन में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा, "वक्ता गूंगा नहीं, मौन है; वक्त आने पर बता देता है किसका कौन है।" उन्होंने श्रोताओं को प्रेरित किया कि जीवन में अपने कर्तव्यों का निर्वहन अवश्य करें, लेकिन यह भाव न रखें कि सब कुछ केवल उन्हीं के कारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में सोच बदलने की आवश्यकता है। व्यक्ति को यह भाव रखना चाहिए कि वह केवल अपना कर्तव्य कर रहा है, कर्ता नहीं है। जब मनुष्य अपने भीतर से अहंकार और मोह को कम कर लेता है, तब वैराग्य की भावना स्वतः मजबूत होने लगती है। मुनि श्री ने प्रेरक अंदाज में कहा, "खुद के लिए जिओ, दूसरों की खुशी के लिए तो शेर भी सर्कस में नाचता है।"

16 अक्टूबर को नप आरोन में लगेगा जन-विश्वास शिविर

गुना। जिले में मुख्यवमंत्री जन-विश्वा स अभियान के अंतर्गत जन-विश्वास शिविरों का आयोजन प्रति शुक्रवार को किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर 2026 को जन-विश्वा स शिविर का आयोजन नगरपरिषद आरोन के सामुदायिक भवन में किया जायेगा। शिविर में कलेक्ट र किशोर कुमार कन्याल सहित समस्ता जिलाधिकारियों द्वारा आमजन की समस्योओं को सुनकर मौके पर निराकरण करायेगें। साथ ही शासन की विभिन्न जन कल्याकणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेगें। शिविर शुरू होने से पहले विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ फील्ड भ्रमण कर अपने-अपने विभाग की संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर में जन संवाद एवं उद्योग संवाद आयोजित किए जाएंगे। उद्योग संवाद में वृहद, कुटीर उद्योगों से जुड़े उद्यमी अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही उद्यमियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

रामलीला: सीता स्वयंवर और लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने मोहा दर्शकों का मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बजरंगगढ़

ग्राम बजरंगगढ़ स्थित स्थानीय मैरिज गार्डन में इन दिनों भव्य एवं मनमोहक रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामवासी पहुंच रहे हैं। भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों का कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय किया जा रहा है, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो रहे हैं। रामलीला के माध्यम से जहां धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण भी बना हुआ है। गत दिवस आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर का शानदार मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, संवाद अदायगी और आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। सीता स्वयंवर के प्रसंग में भगवान श्रीराम द्वारा शिवधनुष भंग करने के दृश्य को कलाकारों ने बेहद सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने शिवधनुष भंग किया, रामलीला स्थल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और दर्शकों ने उत्साह के साथ प्रसंग का आनंद लिया। इसके पश्चात लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन किया गया, जो रामलीला का प्रमुख आकर्षण रहा। इस प्रसंग में लक्ष्मण और भगवान परशुराम के बीच हुए तीखे संवादों को कलाकारों ने अपनी दमदार संवाद शैली और शानदार अभिनय से जीवंत कर दिया। दोनों पात्रों के बीच संवाद के दौरान दर्शक भाव-विभोर होकर मंचन देखते रहे। कलाकारों की सशक्त प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को रोमांच और उत्साह से भर दिया। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और रामायण के प्रेरणादायक प्रसंगों से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। प्रेम मैरिज गार्डन में आयोजित रामलीला को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ पहुंचकर रामलीला का आनंद ले रहे हैं।

शनि मंदिर समिति की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र, 29 वर्षों से निरंतर जारी है परंपरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ राघोगढ़

नगर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। विभिन्न मंदिर समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं, जिन्हें देखने के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नगर के पोस्ट ऑफिस के पास स्थित शनि मंदिर समिति द्वारा पिछले 29 वर्षों से लगातार झांकी स्थापित करने की परंपरा निभाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष राजा जोशी के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली यह झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

शनि मंदिर समिति द्वारा वर्षों से धार्मिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। 29 वर्षों से लगातार झांकी स्थापित करना समिति की धार्मिक आस्था, समर्पण और सेवा भावना को दर्शाता है। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति से जुड़ने का अवसर मिल रहा है। नगर में समिति के इस निरंतर प्रयास की विशेष पहचान बनी हुई है। वहीं, नगर की नरसिंह मंदिर समिति द्वारा भी मां बगलामुखी माता रानी की आकर्षक झांकी स्थापित की गई है। झांकी को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन हवन-पूजन किया जा रहा है, जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना में भाग ले रहे हैं और सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नगर में धार्मिक आयोजनों और झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को अपनी आस्था प्रकट करने का अवसर मिल रहा है। शनि मंदिर समिति और नरसिंह मंदिर समिति द्वारा किए जा रहे इन धार्मिक प्रयासों से राघौगढ़ में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बना हुआ है।

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में चतुर्थ दिवस पर आचार्य ब्राह्मणों का सत्कार किया



अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रियों के चलते चतुर्थ दिवस के अवसर पर ब्राहम्णों का सम्मान किया गया। यहां पर देवी का दरबार लगाते हुए यह 22वां साल का दरबार है। यहां पर इस वर्ष और राधा कृष्ण युगल सरकार के सहित मां का विग्रह प्रतिदिन सुबह 9 बजे तक महा आरती दोपहर में मूल मंत्र से हवन किया जा रहा है शाम की पूजन रात्रि 9 बजे विशेष हवन पूजन के साथ महा आरती की जा रही है। चतुर्थ दिवस की पूजन में चार कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया एवं उनको चुनरियां भैंट के स्वरूप में दी गई उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया गया। आचार्य ब्राहम्णों का सत्कार माल्यार्पण करके किया गया। ज्योतिष के अनुसर आज हर्षण योग और आयुष्मान योग में पूजन की गई मां दुर्गा जी के चैथे स्वरूप का नाम कूष्मांडा है। देवी जी के स्वरूप का ध्यान करते हुए उनका जयकारा लगाते हुए उनका मन ही मन सुमिरन करना चाहिए ऐसा करने से साधक अपनी लोकिक परलोकिक उन्नति को प्राप्त हो जाता है। कन्या पूजन का सौभाग्य चंदाबाई नितेश कुमार यादव को प्राप्त हुआ।

आज भारत में बड़ी समस्या है हमारी शिक्षा व्यवस्था : मुनि निरंजन सागर

अशोकनगर। मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत में शिक्षा की जो स्थिति चल रही है, इसको देखकर कई बार आपके मन में कई तरह के प्रश्न उठते हैं और आप लोग हमारे सामने उन प्रश्नों को रखते भी हैं। जिसमें सबसे ज्यादा और महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या भाषा ही ज्ञान है? तो इसका एक ही उत्तर है कि भाषा के पास ज्ञान नहीं है, पर अर्थ को व्यक्त करने की योग्यता उसके पास है। उन्होने कहा कि योग्यता का आधार उसकी विवक्षा करने वाले वक्ता के ऊपर आधारित है। शब्द वस्तुतः ज्ञान नहीं है, शब्द कोई वस्तु नहीं है, किन्तु! वस्तु के लिये मात्र संकेत हैं। भाषा यह ज्ञान नहीं है, किन्तु मात्र साइनबोर्ड है। नॉलेज का अर्थ जानने की शक्ति और लैंग्वेज को जानने के लिये भी नॉलेज चाहिये। यदि आज भारत में सबसे बड़ी समस्या है हमारी शिक्षा व्यवस्था। जो कि हमारी मातृभाषा में न होकर के विदेशी भाषा में हो रही है। जिसमें आज बच्चों को दुगनी मेहनत करनी पड़ती है। पहले तो उस विदेशी भाषा को सीखो और फिर उस विदेशी भाषा में छपी पुस्तकों को पढ़कर मातृभाषा में उसका अर्थ निकालो। इसके बजाय अगर हम सीधे ही अपने बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देते हैं, तो उनकी मेहनत आधी रह जाती है और परिणाम इससे दोगुना प्राप्त होता है।



आज विश्व के जितने भी विकसित देश हैं, उनके विकास का मुख्य आधार उनकी शिक्षा व्यवस्था है। इन देशों की शिक्षा व्यवस्था का मुख्य आधार मातृभाषा ही है। इस विदेशी भाषा के कारण आज भारत में कई छात्रों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। कई विदेशी माध्यमों के विद्यालय में अपनी मातृभाषा में बात तक नहीं करने दिया जाता है। अगर कोई बच्चा हिन्दी में बात कर लेता है, तो उसके खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाती है। इसलिये भाषा को ज्ञान का आधार मानना ठीक नहीं है। वह ज्ञान कषायों में, इन्द्रिय विषयों में घुला हुआ है, तो ध्यान रखना उसका कोई महत्व नहीं है।



कलेक्टर ने शाढ़ौरा में जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को नगर परिषद शाढ़ौरा स्थित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण कर पेयजल शोधन एवं आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा नागरिकों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जल शोधन संयंत्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संयंत्र से संबंधित आवश्यक रजिस्टरों का नियमित संधारण एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जाए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने नगर के विभिन्न स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन में हो रहे लीकेज का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही लीकेज की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल की बर्बादी रोकने और पाइपलाइन की नियमित जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा जल शोधन संयंत्र और वितरण व्यवस्था का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

विद्यार्थियों ने हार्टफुलनेस ध्यान अभ्यास के दौरान प्राप्त अपने अनुभव साझा किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में विद्यार्थियों ने हार्टफुलनेस ध्यान अभ्यास के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को साझा किया। इसके पश्चात 1-2-1 रिलैक्सेशन अभ्यास कराया गया, जिससे विद्यार्थियों को मानसिक शांति एवं आंतरिक सुकून का अनुभव करने का अवसर मिला। रिलैक्सेशन के बाद विद्यार्थियों ने ध्यान के दौरान हुए अपने अनुभवों एवं अनुभूतियों को साझा किया। कार्यक्रम में ध्यान के अनुभवों को समझने तथा डायरी लेखन की गतिविधि भी कराई गई। विद्यार्थियों ने अपने ध्यान संबंधी अनुभवों को डायरी में लिखकर अभिव्यक्त किया। यह संपूर्ण गतिविधि वालिंटीयर अनिल परिहार की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ध्यान के प्रति जागरूक करना, आत्मनिरीक्षण की भावना विकसित करना तथा अपने अनुभवों को लिखित रूप में व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। इस प्रकार हार्टफुलनेस कार्यक्रम का छठा सत्र विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन, आत्म-जागरूकता एवं सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने की दिशा में उपयोगी रहा।

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा प्रतिवर्ष की भांति गत वर्ष भी विशाल गरबा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रतिभागियों को पुरूस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर की लाइफ लाइन डॉ. डी.के. जैन, सांसद प्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष संजीव जैन भारिल, अंजलि भारिल, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय माहौर क्षत्रिय स्वर्णकार समाज महासभा विनोद सोनी, वंदना सोनी, गहोई वैश्य महापंचायत के अध्यक्ष अभिषेक खैरा, राखी खैरा, महा सम्मेलन के जिला अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला, जिला प्रभारी एवं अग्रवाल महा पंचायत के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक एवं मंचासीन अतिथि के रूप में डॉ. अमिता सेठी, डॉ. रजनी शुक्ला एवं पूर्व जिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

रंगारंग कार्यक्रम के अंतर्गत आकर्षक गेम्स, बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, महिलाओं एवं बालिका वर्ग के लिए बेस्ट ड्रेस अप, बेस्ट डांस, ग्रुप डांस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। महिला इकाई अध्यक्ष रचना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैसे माँ दुर्गा नारी शक्ति का प्रतीक हैं, वैसे ही हर विशेष कार्यक्रम में पुरुषों की भी अहम भूमिका होती है। गाड़ी के दोनों पहिए समान होने से जीवन आसान हो जाता है। महिलाओं के लिए सभी का सहयोग, आशीर्वाद और साथ होना बहुत जरूरी है। मुख्य अतिथि विनोद सोनी ने कहा कि जैसे हम 9 देवियों की आराधना करते हैं, वैसे ही हमें अपने घर में विराजमान माता-बहनों का भी सम्मान करना चाहिए। संजीव भारिल ने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों और महिला-पुरुष में अंतर का अंत होना चाहिए। स्वर्णिम भारत के निर्माण के लिए यह अति आवश्यक है। उन्होंने आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीनों इकाइयाँ हमेशा मिलकर संगठन के लिए कार्य करेंगी। कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रतिभावान बच्चों का भी सम्मान किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सर्वप्रथम भगवान गणेश, रामायणजी की आरती की गई

भरत मिलाप का सुन्दर चित्रण रामलीला में दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय सुभाषगंज स्थित रामलीला मंच पर श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल द्वारा आयोजित रामलीला का आठवें दिन की लीला रात्रि 9 बजे प्रारम्भ की गई। सर्वप्रथम रामायण जी की आरती, भगवान गणेश की आरती एवं भगवान राम लक्ष्मण सीता जी की आरती की गई। आरती स्वर्ण समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सोनी द्वारा की गई।

इसी के साथ लीला के प्रथम दृश्य में वशिष्ठ मुनि भरत जी को सूचना भेजते हैं सूचना पाते ही भरत शत्रुघ्न वापिस अयोध्या की ओर आते हैं अयोध्या में आते ही उन्हें कुछ ठीक नहीं लगता है जब वे जाकर अपनी मां केकई से मिलते हैं तो पिता दशरथ की मरण की सूचना प्राप्त होती है जिससे भरत बहुत दुखी होते हैं और क्रोधित होकर मां का त्याग करते हैं फिर दोनों मां से मिलते हैं और गुरुदेव के पास जाते हैं और गुरु से आज्ञा लेकर राम जी को मनाने के लिए वन की ओर प्रस्थान करते हैं। भरत निषाद को साथ लेकर भरत शत्रुघ्न तीनों माता व गुरु राम को मनाने के लिए वन में पहुंचते हैं वहां राम जी से वापस लौटने की विनती करते हैं परंतु राम जी अपने कर्तव्य बतलाकर भरत जी को अपने खड़ाऊ देकर वापस अयोध्या की और वापस भेज देते हैं। भरत जी शीश पर खड़ाऊ लेकर आंखों में आंसू लेकर वापस लौटते हैं शीश पर खड़ाऊ और अंखियों मे पानी राम भक्त ले चला रे राम की निशानी के गीत के साथ ही लीला को विराम दिया जाता है। पूरी लीला के दौरान दर्शकों ने भावपूर्ण संवाद, अभिनय एवं धार्मिक प्रसंगों का आनंद लिया।

रामलीला में राम की भूमिका आर्यन शर्मा, सीता की भूमिका अभिषेक शर्मा लक्ष्मण सुमित श्रीवास्तव भरत सौरभ सिंघई शत्रुघ्न समर्थ रघुवंशी निषादराज वीर सिंह जाट। रामस्वरूप नामदेव वशिष्ठ कथा वाचन एवं सुंदर चौपाइयों का गायन कथावाचक चंद्रमोहन जी मिश्रा के मुखारविंद से किया गया। साथ ही सुंदर संगीत राकेश पाठक तबले पर लाला पटेल एवं संगीत निर्देशक कैलाश श्रीवास्तव व उपेंद्र पाराशर द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई। रामलीला समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया। व सचिव रजनीश सिंघई के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया वहीं निर्देशक निक्की सिंघई एवं सह निर्देशक सत्येंद्र रघुवंशी द्वारा मंच विवस्था संभाली गई। आयोजन के दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया। रामलीला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक उपस्थित रहे और देर रात तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लेते रहे।

खबर संक्षेप

युवा उत्सव कार्यक्रम 28 अक्टूबर को

अशोकनगर। संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सांस्कृतिक युवा उत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 28 अक्टूबर को रघुवंशी धर्मशाला वायपास रोड अशोकनगर में किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला स्तर पर यह आयोजन 5 विधाओं समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड नाटक की विद्याओं में संचालनालय से प्रदत्त गाइड लाइन अनुसार किया जाना है। वह युवा जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष (17 अगस्त 2026 की स्थिति में) हो इस आयोजन में सहभागिता कर सकते हैं। इस हेतु आवेदक को माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन एवं ऑफलाईन आवेदन पत्र में जन्म प्रमाण पत्र/10 वीं अंकसूची, आधार कार्ड, 01 पासपोर्ट फोटो आदि संलग्न कर आयोजन से पूर्व कार्यालय में जमा कराकर भाग ले सकेंगे। संस्था को अपने प्रतिभागियों की सूची समस्त आवेदनों एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग में आयोजन से पूर्व जमा कराना आवश्यक होगी। एक प्रतिभागी केवल 1 विद्या में भाग ले सकते हैं। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को संभाग और संभाग पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर प्रतिभागिता हेतु भेजा जाएगा। राज्य स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैःघरा कॉलोनी अशोकनगर निवासी मेवाबाई विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोपाल विश्वकर्मा ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौला निवासी कप्तान सपेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैजनाथ सपेरा ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कडराना निवासी पवन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देवेन्द्र यादव ने पुरानी रंजिस पर से उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टोरिया थाना ईन्दार जिला शिवपुरी निवासी शीलकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आनंद लोधी ने फरियादी के लड़के आर्यन उम्र 4 साल की मारपीट की। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुंगासरा निवासी पिंकी कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोलू और जगदीश कुशवाह ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से गोलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संतोष, भूरा, पिंकी और गोलू कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ज्ञानपुर गुरैया निवासी मुन्नालाल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि संतोष और गोलू केवट ने उससे मारपीट की। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झांसाखेडी निवासी चिमनलाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शोभाराम, बलबहादुर अनरतसिंह और चैनसिंह कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के महिला थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढौरा निवासी रीना साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विनोद और उर्मिला साहू ने उससे मारपीट की।

अवैध शराब के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की मुंगावली पुलिस ने मीरकाबाद निवासी किशन बागी के पास से 8 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ़ पुलिस ने ग्राम डेगा मोचार निवासी गुरूप्रीत भुल्लर के पास से 5 लीटर और सुखचैन भुल्लर के पास भी 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की शाढ़ौरा पुलिस ने चिरौली चक्क निवासी भूरिया बाई और म्यापुर निवासी तोरन सिंह प्रजापति के पास से 5-5 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

माता रानी की झांकियों में हर रोज हो रहे आरती के बड़े आयोजन

नवरात्रि पर्व पर लगी झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र, सड़कों पर जन सैलाब उतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शक्ति और सम्पन्नता की देवी का यह पर्व अशोकनगर की धार्मिक परम्पराओं का एक सबसे बड़ा उत्सव है। शहर के सभी चौराहे और गली मोहल्ले देवी मां की झांकी के दरबार सजे हैं। यहां झांकियों में देवी मां के विभिन्न स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। सुबह और शाम दोनों समय आरती के आयोजन हो रहे हैं। झांकियां खुलने के बाद देर रात तक शहर में अदभुत नजारा देखने को मिलता है।

शहर में लगने वाली यह झांकियां अब नए एक इतिहास की ओर बढ़ती जा रही हैं। अनेक झांकियां एक ही स्थान पर वर्षों से लगती आ रही हैं। इन झांकियों में माता रानी की प्रतिमाओं को नया स्वरूप प्रदान किया गया है। झांकी को जितने भी पीठ स्थल माता रानी के उनका स्वरूप भी दिया गया है। यह झांकियां शहर से लेकर गांव तक आकर्षण का केन्द्र बनी हैं। रात 9 बजे के बाद शहर में उत्सव का माहौल नजर आता है। सड़कों पर चल पाना मुश्किल है। भीड़ इतनी है कि सड़कों सिर्फ भीड़ का रेला नजर आ रहा है। झांकी स्थलों पर माता के जयकारे गूंज रहे हैं। आने जाने वालों को प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। पूरे शहर के चैराहे और झांकी स्थल आकर्षक विधुत से जगमगा रहे हैं। शाम को होने वाली देवी मां की आरती का नजारा देखने लायक तो होता ही है, सुबह के समय भी देवी मां की झांकी में आरती की जाती है। ढोल और गाजे बाजों के साथ होने वाली यह आरती और मांता के गूंजते जयकारे श्रृद्धालुओं में अपार उत्साह का संचार कर रहे हैं।



झांकियों में प्रतिदिन हो रहा माता का आकर्षक श्रृंगार

प्रतिदिन माता का झांकियों में श्रृंगार किया जा रहा है। इन झांकियों में सभी स्थानों पर देवी मां की प्रतिमाएं अलग अलग तरह की हैं। कई झांकियों में नया स्वरूप देखने को भी मिल रहा है। इन झांकियों को तैयार कर करने में झांकी आयोजकों द्वारा कई दिन पहले से तैयारियां प्रारम्भ करना पड़ती हैं, तब जाकर झांकिया अपने स्वरूप में आ पाती हैं। इन झांकियों में देवी मां अलग अलग स्वरूपों में तो विराजी हैं, ही साथ में माता के दर्शनों के आने वाले भक्तों में भी अपार श्रृद्धा देखी जा रही है, अनेक श्रृद्धालु माता के दरबार में कई घंटे खड़े होकर उन्हें निहारते रहते हैं।

माता को पहनाए 60 लाख के जेवर, 4 पुलिसकर्मी सुरक्षा में लगे



अशोकनगर में जिंद बाबा समिति की झांकी पिछले 37 वर्षों से आयोजित होती आ रही है, इस बार झांकी का यह 38वां वर्ष है। इस झांकी का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है लेकिन समिति में सभी सदस्यों का समर्पण देखने के लायक रहता है। महेन्द्र भारद्वाज के संयोजन में यह झांकी 38 वर्ष से लगातार चलती आ रही है। इस बार यह प्रतिमा सागर शहर से लाई गई है। प्रतिमा निर्माण करने वाले मूर्ति कलाकारों ने न्यौछाबर राशि के रूप में दो लाख रूपए लिए हैं। माता की इस झांकी को केदारनाथ धाम का स्वरूप प्रदान किया गया है। माता को 60 लाख रूपए के गहने पहनाए गए हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए 4 पुलिस सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं जो 6-6 घंटे के अतंर से यहा माता की सुरक्षा कर रहे हैं। यह झांकी शहर की सबसे पुरानी झांकियों में से एक है। इस झांकी में माता को जो जेवर पहनाए गए हैं वह सोने और चांदी के जेवर हैं। प्रतिमा वसिर्जन से पहले इन जेवरों की नीलामी की जाएगी कोई भी श्रृद्धालु इन जेवरों को माता के प्रसाद के रूप में मूल्य के अनुसार इन जेवरों को ले सकता है।

नवचेतना मंच की झांकी में काली माता का दरबार सजा

इंद्रा पार्क पर देवी मां के स्वरूप काली माता का दरबार सजाया गया है। यहां झांकी वर्षों से लगती चली आ रही है। इस झांकी में काली माता का साक्षात स्वरूप नजर आता है। देवी मां के दर्शन कर श्रृद्धालु एक असीम आनंद की अनुभूति प्राप्त करते हैं, यहां लगने वाली झांकी हर वर्ष नए स्वरूप में नजर आती है। इस झांकी में आयोजकों द्वारा झांकी सजाने में पूरी मेहनत की जाती है। इस झांकी की विशेषता है कि यहां माता का यह दिव्य स्वरूप तैयार करने में आयोजक कई महीने पहले से मेहनत में लग जाते हैं। इस झांकी को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

महिलाएं माता के दरबार में कर रहीं भजन कीर्तन

शहर में कितने स्थानों पर कितनी झांकियां लगी हैं, संख्या का पता लगा पाना मुश्किल है। जहां देखो वहां माता की झांकिया ही नजर आ रही हैं। यह झांकिया कन्या स्कूल मार्ग पर यूनिक कम्प्यूटर के समीप लगी है, हर वर्ष यहां झांकी सजती है, और खास बात यह भी है कि झांकी में 9 दिनों तक कोई न कोई नए आयोजन जरूर होते हैं कभी बच्चों का गरबा नजर आता है तो कभी सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। इन्हीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में माता के दरबार में भक्ति का कार्यक्रम भी देखा गया। यहां महिलाएं माता के दरबार में भजन कीर्तन करते नजर आईं। महिलाओं ने यहां घंटों बैठकर माता की भक्ति में सरावोर होकर गीत गाते हुए उनका स्मरण करती रहीं।

मंत्री सिंधिया 15 से 18 तक जिले के भ्रमण पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 15 से 18 अक्टूबर तक अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। कार्यक्रम अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 15 अक्टूबर को भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 10.40 बजे अशोकनगर आएंगे एवं सर्किट हाउस अशोकनगर में रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री सिंधिया 16 को सुबह 09.50 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से पछाड़ीखेड़ा लवकुश मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। लव कुश मंदिर में दर्शन एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। सुबह 11.15 बजे शनि मंदिर से प्रस्थान कर प्रातः 11.25 बजे कस्तूरी गार्डन गुना रोड अशोकनगर पहुंचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 12.30 बजे कस्तूरी गार्डन से प्रस्थान कर दोपहर 01.30 बजे करीला माता मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे। दोपहर 2 से 3 बजे बजे तक आयोजित करीला में आयोजित जनजातीय समाज के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3 बजे करीला से प्रस्थान कर दोपहर 3.30 बजे बहादुरपुर पहुंचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। 4 बजे बहादुरपुर से प्रस्थान कर 4.45 बजे मुंगावली पहुचेंगें। अपरान्ह 04.45 बजे से दिशा की बैठक लेंगे। तत्पश्चात प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे। सायं 6.45 बजे मुंगावली से प्रस्थान कर सायं 7.15 बजे सेहराई पहुंचेगें एवं शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। रात्रि 08.15 बजे सेहराई से पस्थान कर 08.45 बजे किलाकोठी चंदेरी पहुचेगें एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक आमजन से जनसंपर्क करेंगे। प्रातरू 11 बजे से प्रातरू 11.30 तक किला कोठी में स्थानीय बैठक, 11.30 किला कोठी से प्रस्थान कर 11.40 बजे शासकीय अस्पताल चंदेरी पहुंचेंगे एवं चंदेरी अस्पताल का साईट विजिट करेंगे। दोपहर 12.10 बजे चंदेरी से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे महोली पहुंचेगे एवं लोधी समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे महोली से प्रस्थान कर 3 बजे सेमरखेड़ी ढाकोनी पहुंचेंगे एवं ग्राम चैपाल में भाग लेंगे। दोपहर 3.45 बजे से प्रस्थान कर 4.30 बजे पोस्ट ऑफिस अशोकनगर पहुंचेंगे। नवीन डाकघर अशोकनगर का उद्घाटन करेगें। सायं 5.30 बजे प्रस्थान कर 5.45 सुभाषगंज पहुंचेंगे। सुभाषगंज अशोकनगर में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। सायं 6.45 सुभाषगंज अशोकनगर से प्रस्थान कर 6.50 बजे अमर मेरिज गार्डन पहुंचेगें। सायं 6.50 से 7.10 बजे तक नवरात्रि गर्वा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। रात्रि 7.10 बजे प्रस्थान कर रात्रि 7.20 बजे अशोका गार्डन पहुंचेंगे एवं अशोका गार्डन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लेगें। रात्रि 8.20 बजे अशोका गार्डन से प्रस्थान कर सर्किट आयेगें एवं रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री सिंधिया 18 अक्टूबर को प्रातः 09.50 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर से प्रस्थान कर जनसंपर्क कार्यालय पहुंचेगें। प्रातः 10 बजे से प्रातः 11.15 बजे तक आमजन से जनसंपर्क करेगें। प्रातः 11.15 बजे प्रस्थान कर शासकीय विधि महाविद्यालय पहुंचेगें। प्रातः 11.20 बजे से 11.35 बजे तक कौशल विकास केन्द्र का नीव रखेगें।तत्पश्चात आपदा मित्रों के साथ बाचचीत और आपदा प्रबंधन किटों का वितरण करेगें।

कलेक्टर से रास्ता खुलवाने की मांग

खेत पर जाने का शासकीय रास्ता बंद, अतिक्रमण करने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर के मंडी गेट के पास निवासी रनवीर विश्वकर्मा ने अपने खेत तक पहुंचने वाले शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत जिला कलेक्टर से की है। उन्होंने राजस्व अमले से मौके की जांच कराकर शासकीय रास्ते को अतिक्रमण एवं फसल से मुक्त करवाने और आवागमन बहाल कराने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, रनवीर विश्वकर्मा का खेत सर्वे क्रमांक 558/2 पिपरई से मुंगावली जाने वाले मुख्य मार्ग के पास स्थित है। खेत पर उनका मकान भी बना हुआ है, जहां कृषि कार्य के लिए नियमित रूप से आना-जाना आवश्यक है। खेत तक पहुंचने के लिए पूर्व से शासकीय रास्ता निर्धारित है, जो सर्वे क्रमांक 556, 557 एवं 558/2 से होकर गुजरता है।

आवेदन में आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उक्त शासकीय रास्ते पर फसल की बोनी कर दी है और आगे बारी व घेरा लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। इससे प्रार्थी को अपने खेत और वहां बने मकान तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। साथ ही कृषि कार्य प्रभावित होने से आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि रास्ते के संबंध में पूर्व में सीमांकन एवं मौके की जांच भी हो चुकी है, इसके बावजूद रास्ता दोबारा अवरुद्ध किए जाने की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में खेत तक पहुंचने का मार्ग बाधित होने से उनकी परेशानी लगातार बढ़ रही है।

अशोकनगर में खाद की कोई समस्या नहीं

गतवर्ष से अधिक खाद का वितरण किया : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर में खाद की कोई समस्या नहीं, गतवर्ष से अधिक खाद का वितरण किया गया। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने इस दौरान 2025 और 2026 के आंकड़े प्रस्तुत किए, इस दौरान उन्होंने कहा कि चंदेरी में डबल लॉक केन्द्र के लिए जमीन तलाशी जा रही है भवन बनने के बाद इस केन्द्र की शुरूआत की जाएगी।

प्रेस कान्फ्रेंस में अपर कलेक्टर डी.एन.सिह,संयुक्त कलेक्टर विकास कुमार आनंद,उप संचालक एस.एम.सिद्धीकी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला ब्यूरो एवं संवाददाता उपस्थित थे। प्रेस कान्फ्रेंस में कलेक्टर मालवीय ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 121 उर्वरक विक्रेय पॉइंटस है। जिसमें मार्कफेड- 03,समितियां-62 एम.पी.एग्रो-01 निजी -55 शामिल है । प्रतिदिन टोकन बुक होने की निर्धारित सीमा के अंतर्गत मार्कफेड-500 प्रति केन्द्र, निजी-200, पैक्स-200, एम.पी.एग्रो-200) है। 01 अप्रैल 2026 से आज दिनांक तक 207102 ई-विकास प्रणाली अन्तर्गत कृषकों द्वारा ई-टोकन बुक हुये है। तथा 7300 टोकन कृषक के द्वारा स्वयं कैसिल कराये गये है। 01 अप्रैल 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक (खरीफ सीजन हेतु) 104781 कृषक द्वारा 68578 मे.टन. उर्वरको का उठाव किया गया है।01 अक्टूम्बर 2026 से 14 अक्टूम्बर 2026 तक (रबी सीजन हेतु) 9403 कृषक द्वारा 6269 मे.टन. उर्वरको का उठाव किया गया है। जिले में रबी सीजन 2026-27 में ई-विकास प्रणाली 2.0 अन्तर्गत डबल लॉक केन्द्रो, सेवा सहकारी समितियों एवं विकासखण्ड के कृषि कार्यालयों में उर्वरक वितरण व्यवस्था एवं ई-टोकन बुक करने में कृषको की सहायता हेतु (हेल्प डेस्क) कृषक सहायता केन्द्रो की स्थापना की गई है।



उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला स्तर पर बेहतर तरीके से कराया गया। यह अभियान जिले में 17 सितम्बर प्रारंभ हुआ,जिसका समापन 17 अक्टूबर 2026 को किया जायेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के अंतर्गत लगाये गये शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, सीएम हेल्पलाईन,लोक सेवा गारंटी अधिनियम गारंटी के तहत निराकृत आवेदनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक जिले में केन्द्रीय मंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय मंत्री के 06 मुख्य बडे कार्यक्रमों का आयोजन जिले में किया जायेगा। जिसमें करीला माता मंदिर पर आदिवासी सम्मेलन,सेहराई में हितग्राही सम्मेलन, अशोकनगर में नगरीय क्षेत्र के सौन्द्रर्यीकरण,कॉल सेंटर के नवीन भवन का भूमि पूजन,कौशल विकास सम्मेलन,आपदा युवा मित्रों को किट का वितरण शामिल है। प्रेस कान्फ्रेंस में जनगणना के द्वितीय चरण,स्वाामित्व योजना के बारे में जानकारी दी गई।



12 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी सहित तीन वारंटी गिरफ्तार

ईसागढ़। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना ईसागढ़ पुलिस ने वर्ष 2014 से फरार स्थायी वारंटी सहित तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 13 अक्टूबर को थाना ईसागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि न्यायालय द्वारा जारी प्रकरण क्रमांक 2685/2014 में फरार स्थायी वारंटी परमाल सिंह पुत्र सोमा आदिवासी, निवासी ग्राम कुलवार, अपने घर आया हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दबिश दी और करीब 12 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी परमाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम द्वारा न्यायालय के दो अन्य प्रकरणों में फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार थाना ईसागढ़ पुलिस ने एक ही दिन में कुल तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

कथावाचक ने सुनाई भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा

पिपरई में श्रीराम कथा में गूंजे शिव विवाह के प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान कथावाचक बाल बिहारी ने भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान भगवान शिव के वैराग्य, माता सती के त्याग, माता पार्वती की कठोर तपस्या और शिव-पार्वती विवाह की दिव्य गाथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने धर्म एवं भक्ति के साथ कथा का आनंद लिया।

कथावाचक बाल बिहारी ने बताया कि माता सती द्वारा योगाग्नि में अपने शरीर का त्याग करने के बाद भगवान शिव गहरे वैराग्य में लीन हो गए और समाधि में चले गए। इसके बाद माता सती ने पर्वतराज हिमवान के घर माता पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या और अटूट श्रद्धा से प्रसन्न होकर भगवान श्रीराम ने स्वयं भगवान शिव से माता पार्वती के साथ विवाह करने का आग्रह किया।



भूत-पिशाच और शिवगणों के साथ निकली अनोखी बारात

शिव विवाह के प्रसंग का वर्णन करते हुए कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव नंदी पर सवार होकर भूत-पिशाचों और अपने गणों के साथ माता पार्वती से विवाह करने के लिए पर्वतराज हिमवान के यहां पहुंचे। भगवान शिव की अनोखी वेशभूषा और उनके गणों को देखकर माता मैना आश्चर्यचकित हो गईं और मूर्छित हो गईं। इसके बाद माता पार्वती के अनुरोध तथा सभी के स्नेह को देखते हुए भगवान शिव ने अपना अत्यंत सुंदर एवं दिव्य स्वरूप धारण किया। कथा के दौरान भगवान शिव के गोत्र पूछे जाने का प्रसंग भी सुनाया गया। कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव ने अपना गोत्र नाद बताया, जो उनके अनादि और अनंत स्वरूप का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से किया कथा का रसपान

शिव विवाह के मनोहारी प्रसंग ने कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। नगरवासियों ने श्रद्धा और आस्था के साथ कथा श्रवण किया तथा भगवान शिव और माता पार्वती के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बाल बिहारी ने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, तपस्या, त्याग और समर्पण का संदेश दिया। श्रीराम कथा के आयोजन से नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

गोवंश की देखभाल के लिए ईसागढ़ पुलिस की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

ईसागढ़ पुलिस द्वारा गो सेवकों की सुरक्षा एवं गोवंश की देखभाल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी ईसागढ़ उप निरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर द्वारा थाना क्षेत्र में गौ सेवा के कार्य में संलग्न गौ सेवकों को रेडियम बेल्ट एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई। उन्होने बताया कि रेडियम बेल्ट के उपयोग से रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाले गोवंश को वाहन चालकों द्वारा दूर से पहचानने में मदद मिलेगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम करने में सहायता मिलेगी। वहीं, उपलब्ध कराई गई आवश्यक दवाइयां घायल एवं बीमार गोवंश की प्राथमिक देखभाल में उपयोगी होंगी। ईसागढ़ पुलिस की इस पहल से गौ सेवकों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही गोवंश की सुरक्षा एवं देखभाल के कार्य को भी बल मिलेगा। इस सहयोगात्मक प्रयास के लिए गौ सेवकों ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। अशोकनगर पुलिस जनहित, जनसहयोग एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा आमजन की सुरक्षा के साथ समाज में संवेदनशीलता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।





प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के माध्यम से स्वास्थ्य, गुणवत्ता और विश्वास को बढ़ावा देने की पहल

महिला सशक्तीकरण, स्थानीय रोजगार व किसानों के सहयोग की दिशा में बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने, गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादों को आमजन तक पहुँचाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में राजगढ़ जिले के ब्यावरा से संचालित 'अनाजू' एक सकारात्मक पहल के रूप में आगे बढ़ रहा है। 'फ्रेश फोर्म फिल्डस टू फैमली' अर्थात खेतों से परिवार तक ताजगी और विश्वास पहुँचाने के ध्येय के साथ यह उद्यम प्राकृतिक खाद्य उत्पादों, गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए अपनी पहचान स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है।

देशभर तक पहचान बनाने की ओर अग्रसर ब्यावरा की 'अनाजू'



'दो उद्यमियों की पहल से शुरू हुआ सफर'

अनाजू प्रोडक्ट्स एलएलपी की स्थापना शौर्य गुप्ता और कोपल गुप्ता ने 14 जनवरी, 2026 को की। इसके बाद मार्च 2026 से ब्यावरा, जिला राजगढ़ में नियमित रूप से कार्य संचालन प्रारंभ किया गया। उद्यम का उद्देश्य लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा प्राकृतिक खाद्य उत्पादों के माध्यम से उनके दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कंपनी किसानों और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य उत्पाद प्राप्त करती है। ग्राहकों तक उत्पाद पहुँचाने से पहले गुणवत्ता की कई स्तरों पर जाँच की जाती है। कंपनी का मूल सिद्धांत है कि जो उत्पाद स्वयं के परिवार के लिए उपयुक्त न हो, उसे दूसरे परिवारों तक भी नहीं पहुँचाया जाना चाहिए। इसी सोच के साथ अनाजू गुणवत्ता, विश्वास और पारदर्शिता को अपने कार्यों का आधार बना रहा है।

लगभग 120 उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला'

अनाजू के उत्पाद समूह में वर्तमान में लगभग 120 प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। इनमें अनाज, दालें, आटा, मसाले, बीज, सूखे मेवे सहित अन्य खाद्य उत्पाद सम्मिलित हैं। स्थानीय स्तर से शुरुआत करते हुए कंपनी ने अपनी वेबसाइट और फ्लिपकार्ट के माध्यम से बिक्री प्रारंभ की है। इसके साथ ही अमेजन पर भी अपनी उपस्थिति बनाई है। इस प्रकार ब्यावरा से शुरू हुआ यह उद्यम डिजिटल माध्यमों के जरिए अधिकाधिक ग्राहकों तक पहुँचने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

25 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार, 19 महिलाओं को मिला अवसर

अनाजू स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में भी योगदान दे रहा है। कंपनी द्वारा अब तक 25 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया गया है। इनमें 19 महिलाएँ शामिल हैं, जिन्हें उत्पादों की छँटाई और सफाई जैसे कार्यों में मजदूरी के आधार पर रोजगार मिला है।

किसानों के सहयोग से स्थानीय ब्रांड को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का लक्ष्य

अनाजू का आगामी लक्ष्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना, किसानों को सहयोग देना तथा खाद्य प्रसंस्करण और पैकेजिंग की क्षमता विकसित करना है। कंपनी अपने उत्पादों की पहुँच का विस्तार करते हुए राजगढ़ जिले के इस ब्रांड को देशभर के ग्राहकों तक पहुँचाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। ब्यावरा से शुरू हुई अनाजू की यह पहल स्थानीय उद्यमिता, महिला रोजगार, खाद्य गुणवत्ता और तकनीक आधारित नवाचार के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा

ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती बंद कर किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो: इंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा राज्यपाल मध्यप्रदेश शासन के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रतसिंह खींची के नेतृत्व में कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश सहित पूरे देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि एवं कृषि आधारित उद्योगों पर निर्भर है। ऐसे में किसानों को फसलों की बुवाई, सिंचाई एवं उत्पादन के लिए समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती के कारण किसान, व्यापारी, विद्यार्थी एवं आम नागरिक परेशान हैं।



ज्ञापन में यह रखी प्रमुख मांगें

- राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए।
- किसानों को सिंचाई एवं कृषि कार्यों के लिए निर्धारित समय पर पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए।
- ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
- बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों की समस्याओं का जिला स्तर पर तत्काल समाधान किया जाए।
- विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण विरोध एवं अपनी आवाज उठाने वाले नागरिकों के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिले में बिजली की समस्या का समाधान करने के बजाय ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निराकरण करना प्रशासन एवं विद्युत विभाग की जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभाग तत्काल हस्तक्षेप कर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था में सुधार करें, ताकि किसानों को राहत मिले और आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

नमकीन निर्माण में उपयोग हो रहा 20 किलो जला तेल कराया नष्ट, मिठाइयों के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरसिंहगढ़

जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा बुधवार को नरसिंहगढ़ स्थित सांवलिया स्वीट्स एवं अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सांवलिया स्वीट्स से लौंग सेव एवं मावा रोल तथा अयोध्या डेयरी एंड स्वीट्स से मावा एवं अन्य मिठाइयों के नमूने जांच के लिए गए। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान सांवलिया स्वीट्स में सेव नमकीन का निर्माण किया जा रहा था। यहां कढ़ाई में कॉटन सीड ऑयल का जला हुआ तेल उपयोग में लिया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर मौके पर ही लगभग 20 किलोग्राम जला हुआ तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 4 हजार रुपये है, नष्ट कराया गया। इसी तेल से निर्मित लौंग सेव नमकीन का नमूना भी जांच के लिए लिया गया है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने संबंधित संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।



पशु चिकित्सकों की बैठक, पशुधन सेवाओं को बेहतर बनाने मंत्री डॉ. टेटवाल ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर।

नगर में स्थित सेवा सदन कार्यालय में मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के पशु चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर पशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन तथा पशुपालकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अधिकारियों और पशु चिकित्सकों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। पशुपालकों को उपचार, टीकाकरण और आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों, इसके लिए विभागीय स्तर पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने पशुधन संरक्षण और संवर्धन को ग्रामीण विकास से जोड़ते हुए मैदानी अमले को संवेदनशीलता और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पशु चिकित्सकों ने क्षेत्र में पशु स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आवश्यक सुझाव भी रखे। मंत्री ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प स्वस्थ पशुधन, समृद्ध पशुपालक और सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है।



श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम, क्षेत्र की प्रसिद्ध मां भद्रकाली को ओढ़ाई गई 51 मीटर की चुनरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| माचलपुर

नगर में बुधवार को मां भद्रकाली के प्रति श्रद्धा और भक्ति का अनूठा दृश्य देखने को मिला। नगर के प्राचीन एवं क्षेत्र में प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में माता रानी को 51 मीटर लंबी चुनरी ओढ़ाने के लिए बजरंग मानस मंडल के तत्वावधान में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इमली वाले बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई इस यात्रा में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, डीजे पर गूंजते माता रानी के भजनों और जयकारों के बीच निकली चुनरी यात्रा से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

पुष्पवर्षा कर किया चुनरी यात्रा का स्वागत

इमली वाले बालाजी मंदिर से शुरू हुई चुनरी यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मां भद्रकाली मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के जिन मार्गों से चुनरी यात्रा निकली, वहां स्थानीय लोगों ने अपने घरों के सामने से गुजर रही यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत से यात्रा का उत्साह और बढ़ गया। महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में भक्त माता रानी के दर्शन करने के लिए यात्रा में शामिल रहे।

सफलता की कहानी

कच्चे गोबर को वर्मीकम्पोस्ट में बदल किसानों को आमदनी से जोड़ रहा कृषक सारथी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

स्टार्टअप इंडिया के मार्गदर्शन एवं सहयोग से कृषि क्षेत्र में नवाचार के माध्यम से किसानों को कृषि व्यापार से जोड़ने का कार्य कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में किया जा रहा है। इसी दिशा में डॉ. सुमित गौड़ (कृषि अर्थशास्त्र) के नेतृत्व में 'कृषक सारथी' डेटा, शोध एवं मैदानी अनुभव के आधार पर किसानों के लिए वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन एवं विपणन का मॉडल विकसित कर रहा है। डॉ. गौड़ ने बताया कि किसानों के सामने कच्चे गोबर के उचित प्रबंधन की चुनौती रहती है। खेत में सीधे कच्चा गोबर डालने से खरपतवार, कीट एवं रोग की समस्या बढ़ने के साथ रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता बढ़ती है। कृषक सारथी इसी कच्चे गोबर को वर्मीकम्पोस्ट में परिवर्तित कर किसानों के लिए अतिरिक्त आमदनी का माध्यम बना रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में कृषक सारथी पैन इंडिया स्तर पर 6 राज्यों के 15-16 जिलों में 15 हजार से अधिक किसानों के साथ जुड़ा है। जिन किसानों अथवा गौशालाओं के पास पर्याप्त मात्रा में गोबर उपलब्ध है, वहां न्यूनतम 250 क्विंटल से लेकर 2 हजार क्विंटल तक वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन की इकाइयां स्थापित की जाती हैं। कंपनी द्वारा उत्पादन की 100 प्रतिशत गारंटी के साथ संबंधित क्षेत्र में विपणन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाती है। इसी क्षेत्र के किसानों को गुणवत्तापूर्ण कम्पोस्ट बाजार मूल्य की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध कराया जाता है। इससे स्थानीय स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होने के साथ गुणवत्तापूर्ण कम्पोस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित होती है।



नवरात्रि पर आयोजन किया गया

शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में कन्या भोज आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीरापुर

नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी बालिकाओं को प्रेमपूर्वक भोज प्रसादी परोसी गई, जिसे छात्राओं ने श्रद्धा एवं प्रसन्नता के साथ ग्रहण किया। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवरात्रि पर्व पर कन्या पूजन की परंपरा और धार्मिक महत्व को आत्मसात करना रहा।

इस अवसर पर प्राचार्य शर्मा ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इसी भावना के साथ विद्यालय परिवार द्वारा छात्राओं के लिए कन्या भोज का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी छात्राओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा।

---

19 वर्षों से गरबा महोत्सव की परंपरा को आगे बढ़ा रहीं समिति प्रमुख समिता झंवर

17 बहनों से शुरू हुआ सफर आज हजारों महिलाओं तक पहुंचा

चौपड़ा हनुमान मंदिर में गूंजे गरबा के मीठे स्वर, थिरकीं मातृशक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरसिंहगढ़

शारदीय नवरात्रि पर्व पर चौपड़ा हनुमान मंदिर परिसर में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। शाम को मंदिर में मां शारदा के पूजन एवं चैपड़ा हनुमान जी की आरती के साथ गरबा नृत्य की शुरुआत हुई। इसके बाद छोटी-छोटी बच्चियों और महिलाओं ने माता रानी के जयकारों के बीच पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं और दर्शकों का उत्साह देखते ही बना। नगर की मातृशक्ति, धर्मप्रेमी बंधुओं एवं आमजन ने गरबा महोत्सव का आनंद लिया।

17 बहनों से शुरू हुआ सफर, आज हजारों महिलाएं कर रहीं गरबा–गरबा महोत्सव समिति प्रमुख समिता झंवर पिछले 19 वर्षों से नरसिंहगढ़ में गरबा महोत्सव की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत शीतला माता मंदिर से बेटियों के गरबा नृत्य के साथ की गई थी। दूसरे वर्ष से महिलाओं ने भी गरबा में सहभागिता शुरू की। शुरुआत में मात्र 17 बहनें गरबा खेलने पहुंची थीं, लेकिन धीरे-धीरे यह आयोजन नगर की एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा बन गया। आज इसमें हजारों बहनें उत्साहपूर्वक भाग लेती हैं।



अतिथियों ने बढ़ाया महिलाओं का उत्साह– गरबा महोत्सव में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी डॉ. सीमा पाठक एवं डॉ. रानू मेहता, नगर पालिका अध्यक्ष कविता वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजूलता शिवहरे, उर्मिला उपाध्याय, समाजसेवी हेमलता सक्सेना, लायंस क्लब की जोन चेयरपर्सन जया भंडारी तथा गायत्री मंदिर की अध्यक्ष मंगला मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता कर आयोजन की शोभा बढ़ाई।महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गरबा नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन के दौरान संजना अग्रवाल की ओर से व्रतधारी श्रद्धालुओं एवं गरबा देखने आए लोगों के लिए फलाहार की व्यवस्था भी की गई।इस पावन अवसर पर गरबा महोत्सव ने धार्मिक आस्था, महिला सहभागिता और सांस्कृतिक एकता का सुंदर संदेश दिया। माता रानी के जयकारों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मार्केटिंग को. आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड नरसिंहगढ़
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. पिन - 465669

क्र. Q/2026 दिनांक 14/10/26

संस्था की आमसभा हेतु नियत समस्त सदस्यों को सूचित किया बजे जाता है कि वार्षिक आमसभा दिनांक 30.10.2026 दिन शुक्रवार समय 12:00 बजे संस्था मुख्यालय नरसिंहगढ पर रखी गई है। उसमे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक आधे घंटे पश्चात पुनः पश्चात् की जावेगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नही है।।

प्रबंधक
विपणन सह. संस्था मर्यादित
नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र.)